सार-समाचार

क्षतिग्रस्त सड़कें

छबड़ा। विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रतापसिंह सिंघवी ने मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में तारांकित प्रश्न के जरिए विधानसभा क्षेत्र छबड़ा-छीपाबडौद में क्षतिग्रस्त सड़कें व पुलियाओं का मामला उठाया। सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी ने जवाब देते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र छबडा में 59 सडकें व 35 पुलियाएं क्षितठास्त है, जिनमें से 14 सडकों की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। वर्तमान में विधानसभा क्षेत्र छबड़ा में किए गए निरीक्षण में 59 सडकें व 35 पुलियाएं क्षतिग्रस्त पाई गई, जिनमें से 14 सडकों के लिए राशि रुपये 187.00 करोड की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। शेष 45 सडकें व 35 पुलियाओं की मरम्मत के लिए अनुमानित राशि रुपये 69.45 करोड की आवश्यकता होगी, जिसे प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। सिंघवी ने पूछा कि डीएलपी के अंतर्गत आने वाली सड़कों को संवेदक समय पर ठीक नहीं करवाते ऐसी स्थिति में विभाग अपने स्तर पर उन सडकों की मरम्मत कब तक करवा देगा। इस पर सार्वजनिक निर्माण मंत्री ने क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

टोंक। यादव समाज द्वारा हनुमान बेनीवाल द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ मुख्यालय स्थित डाक बंगला से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। यादव समाज प्रवक्ता कमलेश यादव ने बताया कि सांसद हनुमान बेनीवाल द्वारा 2 सितंबर को बिदासर जिला चूरू में आयोजित वीर तेजाजी महाराज के कार्यक्रम में कानून व्यवस्था में लगे पुलिस अधिकारी कैलाश चंद यादव को अपमानित करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा अधिकारी को मंच से नीचे उतार दिया। वही सांसद बेनीवाल द्वारा समस्त यादव समाज पर भी अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की गई जो अत्यंत निंदनीय एवं समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य हैं। इस पर समाज में रोष व्याप्त है, जिस पर यादव समाज द्वारा ज्ञापन देकर सांसद हनुमान बेनीवाल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की गई।

प्रवेश की अंतिम तिथि 15 सितम्बर तक

कोटपूतली। वर्धमान महावीर खुला विष्वविद्यालय कोटा के अकादमिक सत्र जुलाई 2025 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 सितम्बर तक बढ़ाई गई है। महाविद्याल के मुख्य समन्वयक प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह ने बताया कि विद्यार्थी स्नातक, स्नातकोत्तर, सर्टीफिकेट एवं डिप्लोमा सहित सभी पाठ्यक्रमों में ऑनलाईन माध्यम से 15 सितम्बर तक प्रवेश ले सकते है। अध्ययन केन्द्र के समन्वयक अशोक सिंह ने बताया कि वीएमओयू ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिये प्रवेश लेते समय पाठ्य सामठी नहीं लेने पर कुल फीस में 15 प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया गया है एवं विष्वविद्यालय से महिला विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करने का मौका है जिनकी फीस का पुनर्भरण राज्य सरकार करेगी।

शिव पार्वती विवाह की झांकी सजी

बूंदी। शहर के सिलोर रोड स्थित जैन दादाबाडी में चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन श्री सुखदेव जी जन्म और शिव पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया गया। कथावाचक पंडित शिव कृष्ण शास्त्री ने शिव पार्वती के विवाह का सुंदर प्रसंग सुनाया जिसे पंडाल में बैठे हुए श्रद्धालु मोहित हो गए। शिव पार्वती विवाह की झांकी से पूर्व सखिया पार्वती को नृत्य करती हुई पंडाल में लेकर आई। उसके पश्चात भगवान शिव की बारात में नाचते गाते अघोरी मित्र भी पंडाल में पहुंचे। जहां पर शिव पार्वती ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई। मुख्य यजमान आशुतोष मूंदडा और संगीता मूंदड़ा ने कन्यादान किया। सभी श्रद्धालुओं ने क्यों पार्वती को उपहार भेंट किया और मंगल गीत गाए। अंत में आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया।

ज्वैलर दंपति ने सौंपा ज्ञापन

कोटा, (निसं)। महावीर नगर थाना इलाके के एक ज्वैलर दंपति ने थाने के एक एएसआई पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए डीआईजी राजेन्द्र गोयल को ज्ञापन सौंपा। डीआईजी राजेन्द्र गोयल ने बताया कि महावीर नगर थाने के एएसआई के खिलाफ शिकायत मिली है, मामले की जांच कराई जायेगी। वहीं महावीर नगर थानाधिकारी रमेश कविया ने बताया कि पति-पत्नी के खिलाफ एक फरियादी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था, दंपति धोखाधड़ी के आरोपी है और दोनों के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चूका है। थानाधिकारी ने बताया कि मामले की जांच एएसआई रविन्द्र यादव ही कर रहा था। दंपति गिरफ्तारी से बचने के लिये षडयंत्र रच रहे है।

समीक्षा बैठक 10 सितंबर को

बूंदी। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों की समीक्षा बैठक 10 सितंबर को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे।

स्टेट क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई: डॉक्टर सहित दो गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। सी.आई.डी. क्राइम ब्रांच पुलिस मुख्यालय की स्पेशल टीम सूचना पर कोटपूतली पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ एक बड़ी और सफल कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक डॉक्टर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों के कब्जे से प्रॉक्साइको-स्पास,प्रॉक्सिओम-स्पास,सिमडेक्स-प्लस और प्रॉक्सिमेक्स-स्पास जैसे कैप्सूल और एनरेक्स, एंटॉप सिरप की भारी खेप बरामद की है। जब्त की गई दवाओं का कुल वजन 29 किलोग्राम से अधिक है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि कोटपुतली में डॉक्टर अविनाश शर्मा का एक क्लीनिक है जो युवाओं को सस्ता नशा उपलब्ध करवा कर नशे की दलदल में धकेल रहा है। इस सूचना पर टीम ने कई दिनों तक रैकी कर पुष्टि की। जिसके बाद स्थानीय थाना पुलिस और डीएसटी को सूचना दी गई। सीआईडी क्राइम जयपुर की एक विश्वसनीय सूचना के साथ शुरू हुआ। सूचना में बताया गया था कि ट्रांसपोर्ट नगर जिला कोटपूतली में लुहारों के डेरे के पास एक परचून की दुकान पर मनोज कुमार जाट नाम का युवक अवैध रूप से नशीले कैप्सूल बेच रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एक टीम का गठन किया।

पुलिस टीम बताए गए स्थान पर पहुंची। दुकान की तलाशी लेने पर एक प्लास्टिक के कट्टे में प्रॉक्साइको-स्पास कैप्सूल के पत्ते मिले। मनोज कुमार से पूछताछ के बाद उसने दुकान के पीछे बने गोदाम में और भी नशीले

कोटपूतली पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ एक बड़ी और सफल कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक डॉक्टर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- भारी मात्रा में नशीली दवाएं जब्त
- सस्ता नशा उपलब्ध कराकर युवाओं को धकेल रहा था नशे के दलदल में

कैप्सूल होने की जानकारी दी। वहां से पुलिस ने दो बड़े कार्टूनों में रखे गए कैप्सूल भी बरामद किए। इस दौरान मौके पर औषधि नियंत्रण अधिकारी मुकेश चौधरी और लता भारती को भी बुलाया गया। दुकान और गोदाम से पुलिस ने कुल 48 हजार 576 नशीले कैप्सूल बरामद किए।

डॉक्टर अविनाश शर्मा का नाम सामने आया : मनोज कुमार ने पुलिस पूछताछ में खुलासा किया कि ये सभी नशीले कैप्सूल डॉ. अविनाश शर्मा के हैं, जिनका हाईवे पर क्लिनिक है। उसने बताया कि वह डॉ. अविनाश के कहने पर ही इन दवाओं को बेचता था। इस सूचना पर पुलिस ने तुरंत डॉ. अविनाश शर्मा के क्लिनिक पर छापा मारा। तलाशी के दौरान उनके क्लिनिक से भी नशीली सिरप और विभिन्न प्रकार के नशीले कैप्सूल जब्त किए गए। क्लीनिक से कुल 1240 नशीली कैप्सूल और 100 एमएल सिरप की 14 शीशियां बरामद की गई।

इस पूरी कार्रवाई में कुल 49,816 नशीले कैप्सूल और 14 बोतल नशीली सिरप बरामद की गई है। जब्त की गई खेप का कुल वजन 29 किलो 389 किलो ठााम है। दोनों आरोपियों मनोज कुमार जाट (35) निवासी खेड़की वीरभान थाना कोटपूतली और डॉ. अविनाश शर्मा (39) निवासी खेड़की वीरभान थाना कोटपूतली को एनडीपीएस एक्ट तहत गिरफ्तार किया गया है। डॉ. अविनाश शर्मा को धारा 8/29 के तहत भी आरोपी बनाया गया है, क्योंकि उन्होंने मनोज कुमार को नशीली दवाएं उपलब्ध कराई थीं।

पुलिस ने जब्त किए गए सामान को सील कर आगे की जांच के लिए मालखाने में जमा कर दिया है। इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है, जिससे इस अवैध धंधे में शामिल अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके।

क्राइम ब्रांच की टीम ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित करते हुए संयुक्त अभियान को अंजाम दिया। इस कार्रवाई में कांस्टेबल देवेंद्र सिंह की विशेष भूमिका और हेड कांस्टेबल हेमंत शर्मा, कांस्टेबल सोहन यादव की तकनीकी भूमिका रही। इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में एसआई प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, महावीर सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, गोपाल धाबाई, विजय सिंह, गंगाराम एवं चालक दिनेश शर्मा की भी अहम भूमिका रही। इसके साथ ही थाना कोटपूतली से एसएचओ राजेश कुमार शर्मा मय टीम तथा डीएसटी कोटपूतली-बहरोड़ से कांस्टेबल धर्मेंद्र, सत्यपाल, संजय, प्रवीण, विक्रम और मनोज ने भी कार्रवाई में सक्रिय योगदान दिया।

सार-समाचार

श्री आदिनाथ जिनालय में क्षमा पर्व मनाया

फुलेरा। श्री आदिनाथ जिनालय फुलेरा में दशलक्षण महापर्व धूमधाम के साथ एवं भक्ति पूर्वक संपन्न हुआ। समाज के कुमोद जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि दशलक्षण पर्व सांगानेर से कुमारी छवि जैन एवं कुमारी देवांशी जैन के सानिध्य में मंडल विधान की पूजन भक्तिभाव पूर्वक की गई। अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर अनेक महिलाओं एवं पुरुषों में व्रत रखें, समाज की 6 महिलाओ तीन बच्चों ने तीन दिवसीय तेले निर्विघ्न संपन्न किए। सायंकाल भगवान के कलशाभिषेक हुए तथा माला की बोली हुई। दश लक्षण महापर्व के समापन के अवसर पर क्षमा वाणी पर्व भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाम 4 बजे एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के सभी लोग सहित पूजन बच्चों ने उत्साह पूर्व के भाग लिया। शोभा यात्रा नगर का भ्रमण करते हुए पुन: श्री आदिनाथ जिनालय में पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हो गई। शोभायात्रा के दौरान भजन गाते, जयकारे लगाते हुए चल रहें थे, साथ ही सभी लोगों ने अपने घर के सामने जिनेन्द्र भगवान की आरती की तथा श्री फल भेंट किये। धर्मसभा में जिनेंद्र भगवान के कलशाभिषेक हुए तथा माल की बोली महेशचन्द, मुकेश कुमार राँवका ने ली। तत्पश्चात प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, समाज के अध्यक्ष निलेशकुमार बड़जात्या ने समाज के सभी कार्यक्रमों में उत्साह पूर्व भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया तथा सामूहिक क्षमावाणी का पर्व मनाया गया। अंत में सभी लोगों ने घर-घर जाकर जाने अनजाने में हुई किसी भी त्रुटि अथवा भूल को लेकर क्षमा याचना की।

कार्यशाला का आयोजन

बूंदी। महिला अधिकारिता विभाग, बूंदी द्वारा संकल्प : एचईडब्ल्यू दस दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक निजी होटल में महिला केंद्रित एवं बच्चों से सम्बन्धित कानूनों एवं योजनाओं पर सोमवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने की। उद्घाटन सत्र में सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता, भैरू प्रकाश नागर ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनों और योजनाओं की जानकारी समाज के अधिक से अधिक वर्ग तक पहुंचने और लोगों में जागरूकता बढ़ाना हैं। जेंडर विशेषज्ञ विनीता अठावाल ने दस दिवसीय अभियान के बारे में सम्पन्न हुई और आगामी गतिविधियों के बारे में बताया। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, विशिष्ट अतिथि एड संजय जैन, बार एसोसिएशन एवं हरीश कुमार तिवारी अध्यक्ष निजी विद्यालय एसोसिएशन ने अपने उद्बोधन में महिला अधिकारिता टीम के कार्यों की प्रशंसा करते हुए विद्यालय स्तर पर कानूनी कार्यशालाएं आयोजित करने का अनुरोध किया। पहले सत्र में एडवोकेट प्रिया मिश्रण ने विधिक परामर्शदाता, महिला अधिकारिता ने पोक्सो एक्ट 2012 पर विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों की सुरक्षा और रिपोर्टिंग प्रक्रिया समझाई। जबकि वन स्टॉप सखी सेंटर केन्द्र प्रबंधक, हिना शर्मा ने घरेलू हिंसा अधिनियम (2005) पर अपने विचार रखे। अगले सत्र में वक्ता लोकेश कुमार जैन ने ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर अपराध के प्रकार, रोकथाम के उपाय व रिपोर्टिंग की जानकारी दी। एक्शनएड एसोसिएशन,जिला समन्वयक, ज़हीर आलम ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न और महिला श्रमिकों हेतु चलाए जा रहे पॉश अधिनियम जागरूकता अभियान के बारे में बताया साथ ही ज़िला प्रशासन व महिला अधिकारिता की अनुभव पहल मिशन वीआईपी के बारे में बताया। अंतिम सत्र में वरिष्ठ सहायक, महिला अधिकारिता रविराज मिश्रण ने लाडो प्रोत्साहन योजना, शिक्षा सेतु आदि की जानकारी दी।

सुबोध जैन ने 16 उपवास किये

कोटा, (निसं)। दस लक्षण महापर्व पर सुबोध जैन ने सोलह कारण धर्म के लगातार सोलह उपवास तप की साधना पूर्ण कर आज पारणा महोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। प्रवक्ता सौरभ जैन ने बताया कि सुबोध जैन ने 24 अगस्त से लेकर 8 सितंबर तक लगातार निराहार उपवास की प्रक्रिया के दौरान 24 घंटे में मात्र एक बार सायं 5 बजे सादा व गुनगुने जल का सेवन किया था। तप-साधना के दौरान उन्होंने मंदिर में शांति धारा के पश्चात नियमित एवं दस लक्षण धर्म की पूजा एवं विधान कार्यक्रम में भाग लिया। इसी तरह सायं कालीन आरती के पश्चात शास्त्र सभा का आनंद लिया।

उचित मूल्य दुकानों के संबंध में बैठक 11 सितंबर को

बूंदी। जिले में रिक्त चल रही उचित मूल्य दुकानों की विज्ञिप्त जारी करने के लिए लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से महिला आरक्षण निर्धारण के लिए गठित समिति की बैठक 11 सितंबर को प्रात: 11.30 बजे जिला रसद कार्यालय में अतिरिक्त जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से सेवा पखवाड़ा मनायेगी भाजपा

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में सेवा पखवाड़ा मनाने जा रही है। इस दौरान प्रदेशभर में सामाजिक सरोकार और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भाजपा इस सेवा पखवाड़े को सेवा, संगठन और समर्पण की भावना के साथ जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सेवा पखवाड़े के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर 11 सितंबर को जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ राधामोहन दास अग्रवाल और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ मौजूद रहेंगे। कार्यशाला में जिले और मंडल स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी और ज़मीनी क्रियान्वयन को

- 11 सितंबर को जयपुर में होगी प्रदेश स्तरीय कार्यशाला

लेकर दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। सेवा पखवाड़े की तैयारियों को लेकर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने की।

बैठक में प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, प्रवक्ता डॉ अपूर्वा सिंह, मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ सहित सोशल मीडिया, आईटी और विभिन्न विभागों से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने बताया कि सेवा पखवाडे के तहत स्वच्छता अभियान, नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता कार्यक्रम जैसे कई जनहितैषी आयोजनों की योजना बनाई गई है। इसके अलावा एक पेड़ मां के नाम अभियान, वोकल फॉर लोकल का प्रचार, प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन, विकसित भारत थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता और पांच महानगरों जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा और बीकानेर में मोदी विकास मैराथन जैसे विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे भाजपा 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बूथ स्तर पर वृक्षारोपण और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विशेष आयोजन करेगी। पार्टी का उद्देश्य इन आयोजनों के माध्यम से समाज के हर वर्ग से सीधा संवाद स्थापित कर सेवा और जागरूकता के संदेश को व्यापक रूप से फैलाना है।

एएनसी जांच की

कोटा, (निसं)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिसव अभियान में मंगलवार को जिले के 82 चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की और स्वास्थ्य परामर्श दिया।

सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर ने बताया कि अभियान में 1434 गर्भवतियों का बीपी और 1320 का तापमान नोट किया। 1448 गर्भवतियों के खून की जांच हुई। 1194 गर्भवतियों को आईएफए की गोलियां और 65 को आईवी आयरन सुक्रोज दिया गया। साथ ही गर्भवतियों की विभिन्न जांचे, यूरीन टेस्ट, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, वजन, उंचाई आदि जांचा गया।

95 गर्भवतियों में जटिलता हाई रिस्क पाई गई, 5 गर्भवतियों की सोनाग्राफी जांच की गई। कई गर्भवती महिलाओं को अधीकृत निजी केंद्रों पर नि:शुल्क सोनोग्राफी के लिए मां वाउचर योजना के कूपन भी जारी किए गए। अभियान में गर्भवतियों को प्रसव की तैयारी एवं परिवार नियोजन की जानकारी भी दी गई।

साप्ताहिक ट्रेन का संचालन

कोटा, (निसं)। त्योहारी सीजन में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा पुणे-हजरत निज़ामुद्दीन-पुणे के मध्य द्वि साप्ताहिक विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 01483 (पुणे-हजरत निज़ामुद्दीन) का संचालन 30 सितम्बर से 29 नवम्बर तक प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को कुल 18 फेरे के लिए किया जाएगा। यह ट्रेन पुणे स्टेशन से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को सायं 17.30 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में अगले दिन बुधवार एवं रविवार को 9.13 बजे भवानीमंडी, 10.40 बजे कोटा, 12.48 बजे गंगापुर सिटी एवं 14.13 बजे भरतपुर स्टेशनों पर ठहरते हुए 20.00 बजे हजरत निज़ामुद्दीन पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01484 (हजरत निज़ामुद्दीन-पुणे) का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को कुल 18 फेरे के लिए किया जाएगा। यह ट्रेन हजरत निज़ामुद्दीन स्टेशन से प्रत्येक बुधवार एवं रविवार रात्रि 21.25 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में अगले दिन गुरुवार एवं सोमवार को 01.18 बजे भरतपुर, 04.03 बजे गंगापुर सिटी, 05.40 बजे कोटा एवं 07.03 बजे भवानीमंडी स्टेशनों पर ठहरते हुए 23.55 बजे पुणे पहुंचेगी। यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में हजरत निज़ामुद्दीन, मथुरा जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, गंगापुर सिटी, कोटा जंक्शन, भवानीमंडी, रतलाम जंक्शन, गोधरा जंक्शन, वडोदरा जंक्शन, उधना जंक्शन, वलसाड, वापी, पालघर, वसई रोड, भिवंडी रोड, कल्याण जंक्शन एवं लोणावला स्टेशनों पर ठहराव लेकर गंतव्य को जाएगी।

- केन्द्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

चिकित्सा शिविर में 497 मरीजों के आंखों की जांच

पावटा। स्व. हवलदार बनवारी लाल यादव की पुण्य स्मृति पर आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन महंत मंगल दास महाराज द्वारा किया गया। महाराज मंगलदास ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और समाज सेवा से देश सेवा होती है जिस तरह फोजी सीमा पर रक्षा करता है उसी प्रकार समाज सेवक इस तरह के कार्यों से देश सेवा कर रहे हैं।

शिविर में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ वीरेंद्र यादव मिश्री देवी अस्पताल बहरोड़ ने 497 मरीजों की जांच कर 42 मरीजों को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए तारीख दी। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ जयराम यादव ने भी अपनी टीम के साथ पूरी सेवायें दी एवं डॉ श्वेता एवं डॉ केशव स्वामी फिजिशियन ने 272 मरीजों की स्वास्थ्य जाँच कर दवाइयां दी। डॉ केशव ने बताया कि मोसमी बीमारियों से लड़ने की क्षमता कम होने के कारण रोगी बढ़ गए।

गैस्ट्रो रोग विशेषज्ञ डॉ बी एल यादव ने कहा कि ख़ान पान में शुद्धता से हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। इनके अलावा डॉ विकाश यादव

जिला निर्वाचन अधिका

सफदरजंग हॉस्पिटल दिल्ली डॉ दीपक यादव (पार्क हॉस्पिटल) डॉ भूपेंद्र ने भी अपनी सेवाएं दी शिक्षाविद् जीएल यादव ने आयोजक टीम को धन्यवाद देते हुए आभार जताया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है और समरसता बढ़ती है तथा कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का भी जन अभियान चलाना चाहिए ताकि बीमारी से बचा जा सके।

पूर्व तहसीलदार रामनिवास यादव ने इस अवसर पर कहा कि इससे बढ़िया कोई काम ही नहीं सकता जरूरतमंद लोगों को घर बैठे राहत मिलती है। शिविर में पंचायत समिति सदस्य मिथलेश टांक, विकास जांगल, बसंती देवी पूर्व सरपंच, बजरंग यादव फतेहपुरा, हरिद्वारी स्वामी, रामजीलाल, सुरेंद्र आदर्श जयपुर, पी सी खातोदिया, कमल, सेठ रामानंद अठावाल, उदयपाल तंवर, मानसिंह ठेकेदार, जगदीश धुंधला, बनवारी पंच सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर का हुआ आयोजन

बूंदी। ज़िला प्रशासन, रोजगार कार्यालय बून्दी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बून्दी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन नैनवां रोड़ स्थित होटल शगुन में सफलतापूर्वक किया गया।

शिविर का शुभारम्भ नगर परिषद सभापति सरोज अठावाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से आ ान किया कि वे ऐसे अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर तलाशने चाहिए। उन्होंने नियोक्ताओं से भर्ती नियमों में शिथिलता बरतने का सुझाव भी दिया।

जिला रोजगार अधिकारी भैरू प्रकाश नागर ने बताया कि शिविर में एठी बिजनेस लिमिटेड बून्दी, जे.डी.एक्स. सिक्योरिटी नोएडा, ऑल इंडिया जॉब सॉल्यूशन कोटा सहित कुल 23 संस्थानों ने भाग लिया। संस्थानों द्वारा 156 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन नियोजन हेतु एवं 119 अभ्यर्थियों का चयन प्रशिक्षण हेतु किया गया। इसके अतिरिक्त, शिविर में 111 अभ्यर्थियों को स्वरोजगार से संबंधित परामर्श एवं विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। शिविर में लगभग 450 अभ्यर्थियों ने भागीदारी की। इस दौरान आईटीआई उप निदेशक फूलचंद मीणा, अठाणी जिला बैंक प्रबंधक राजू गुप्ता, सहायक प्रशासनिक अधिकारी दीपक बाथरा, सूचना सहायक मोहित गुप्ता एवं लोकेश सैनी, महिला अधिकारिता विभाग से पर्यवेक्षक प्रमिला, जेंडर विशेषज्ञ विनीता अठावाल, परामर्शदाता सलोनी शर्मा, एक्शन एड ज़िला समन्वयक ज़हीर आलम, आईटीआई से हनुमान, विनोद, नवदीप, राकेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जिला सांख्यिकी अधिकारी सत्यवान शर्मा द्वारा किया गया।

खेल सामग्री के लिए आवेदन आमंत्रित

बारां। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के श्मेरा युवा भारतश् (माई भारत) केंद्र बारां से संबद्ध सभी युवा मंडलो के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है।

युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से जिले में 30 सक्रिय युवा मंडलो को वित्तीय वर्ष 2025द्ध26 में खेल सामठी प्रदान की जाएगी। यह पहल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।श्मेरा युवा भारतश् का लक्ष्य युवाओं के लिए एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है, जो उन्हें समुदाय के मुद्दों को समझने और रचनात्मक समाधान निकालने में मदद करे। खेल सामठी का वितरण इसी दिशा में एक प्रयास है, ताकि युवा शारीरिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। यह युवाओं को न केवल खेल के लिए प्रेरित करेगा, बल्कि उन्हें अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण कौशल भी सिखाएगा। खेल सामठी के लिए आवेदन करने के इच्छुक मंडलों को सबसे पहले, यह सुनिश्चित करना है कि युवा मंडल श्माई भारतश् पोर्टल पर पंजीकृत हो। अगर अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, तो तुरंत उलझींतंजण्हवअण्पद पर जाकर पंजीकरण कराएं।

भादव पूनम पूजा सम्पन्न हुई

बारां 08 सितम्बर। श्री गुणवर्धन शंखेश्वर पार्श्वनाथ कि अध्यक्ष उर्मिला जैन भाया जिला प्रमुख ने बताया कि झालावाड से सारोला श्री संघ व कोटा से श्री संघ दो बसों द्वारा कुल 115 यात्री पूजा-अर्चना व दर्शन लाभ हेतु बारां पधारे। पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया व राजेन्द्र रंगावत ने बताया कि इन यात्रियों की सुबह के समय नवकारसी फिर पूजा व दिन का स्वामीवात्सल्य रखा गया। जिसकी जिम्मेदारी चन्द्रप्रभू नव युवक मण्डल को दी गई। बखुबी से सम्भाला तहेदिल से धन्यवाद दिया।

गौाम बोरडिया, गौाम मारू, ललित श्रीमाल ने बताया कि दोनों श्री संघों द्वारा साज-बाज व गाजे-बाजे से स्नात्र पूजा की गई जिससे पूरा तीर्थ भक्ति की धारा में बह गया।

हमारा-संविधान, हमारा-स्वाभिमान विषय पर फोटो प्रदर्शनी

टोंक। केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय द्वारा केन्द्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियो और हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान अभियान के तहत मंगलवार को टोंक पंचायत समिति की घांस एवं छान गांव के राउमावि में जागरूकता कार्यक्रम एवं मौखिक प्रश्नोंत्तरी प्रतियोगिता तथा हमारा-संविधान, हमारा-स्वाभिमान विषय पर फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस अवसर राउमावि घांस के परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सहायक निदेशक, रामेश्वर लाल मीणा, ग्राम पंचायत सरपंच मुकेश गुर्जर, बीपीएम जावेद अली एवं प्रधानाचार्य धर्मराज गुर्जर ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के सहायक निदेशक, रामेश्वर लाल मीणा ने केन्द्र सरकार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण फैसलो के बारे मे बताते हुए कहा की केन्द्र सरकार ने विगत 11 सालों में 10.3 करोड़ से अधिक गरीब महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिए है।

इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्का मकान बनाकर दिए है। उन्होने कहा की जन धन योजना के तहत करीब 55 करोड़ से अधिक लोगों के जीरो बैलेंस पर बचत बैंक खाता खोले गए। इसके अलावा किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को 3.7 लाख करोड़

टोंक पंचायत समिति की घांस एवं छान गांव के राउमावि में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

- केन्द्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

से ज्यादा की राशि हस्तांतरित की गई। पीएम कौशल विकास योजना के जरिए 1.48 करोड़ से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षित किया। स्वच्छ भारत अभियान तहत देशभर में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया गया। सौभाग्य योजना योजना के तहत 100 प्रतिशत इच्छुक घरों को बिजली कनेक्शन मुहैया कराए गए।